an>

Title : Need to start operation of COT plant set up in Malajkhand in Balaghat district, Madhya Pradesh -laid.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के अंतर्गत मलाजखण्ड मे HCL (हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड) की कॉपर की खुली खदान विगत 50-60 वर्षों से संचालित है । खदान से कॉपर के साथ निकालने वाली अन्य धातुओं को पृथक-2 करने हेतु लगभग 200 करोड़ रूपये की लागत से एक निजी कंपनी द्वारा लगभग 10 वर्षों मे COT Plant लगाया गया है परंतु आज दिनांक तक इस प्लांट के चालू न होने से प्लांट से जो भी अन्य धातु जेसे लोहा, तांबा, सोना आदि को पृथक-पृथक करने का काम होना था वह नहीं हो पा रहा है इससे जहां शासन का करोड़ों रुपये की लागत से बना प्लांट बेकार पड़ा है वही प्लांट के चालू न होने से शासन को आर्थिक क्षति हो रही है । इस प्लांट के लगने से मजदूरों और अन्य लोगों को जो काम मिलना था वह बंद है । इस प्लांट के जैसा एक और प्लांट शायद राजस्थान मे भी लगा है वह भी बंद है, इसमें भारी अनियमितताओ के होने की आशंका लगती हैं एवं जानबूझकर शासन का नुकसान कर अन्य लोगो को लाभ पहुचाया जा रहा है । अतः इस संबंध मे पूर्ण जांच करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का कष्ट करने के लिए माननीय खान मंत्री महोदय का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।